p>

Title: Need to provide special package for drought relief under MNREGA Scheme in Gulbarga district, Karnataka.

डॉ. उमेश जी. जाधव (गुलबर्गा): सभापति महोदय, मैं कर्नाटक के गुलबर्गा जिले से आता हूं । मेरे निर्वाचन क्षेत्र में बहुत सूखा पड़ा हुआ है । मैं मनरेगा स्कीम में एक स्पेशल पैकेज देने की मांग करता हूं । आज हजारों लोग गांव छोड़कर चले गए हैं । हमारे यहां चारे की बहुत बड़ी प्रॉब्लम है । वहां लोग एक चारे के ट्रक पर चढ़ गए और चारे के लिए झगड़ा करने लगे, जिनके ऊपर लाठीचार्ज हो गया और उसमें बहुत से लोग जख्मी हो गए । ऐसी ही एक घटना लातूर में पानी के लिए हुई थी, जिसमें दस मिनट में ही टैंकर का पानी खत्म हो गया था । उसी तरह से हमारे गुलबर्गा (कर्नाटक) में सूखा पड़ गया है । मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से स्पेशल पैकेज देने के लिए रिक्वेस्ट करता हूं । वहां मनरेगा में भी स्पेशल पैकेज दिया जाए । धन्यवाद ।